भारत सरकार
मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय
मत्स्यपालन विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 681
06 फरवरी, 2024 को उत्तर के लिए

विदेशों में जेलों में बंद भारतीय मछुआरों के आंकड़े

681. श्री टी.एन. प्रथापन

क्या **मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार के पास विदेशों में जेलों में बंद भारतीय मछुआरों के आंकड़े हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार के पास विदेशों में जेलों में बंद भारतीय मछुआरों के उपकरण और मछली पकड़ने की सामग्री के कोई आंकड़े हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) ऐसे विवादों को हल करने के लिए सरकार की सामान्य प्रक्रियाओं का ब्यौरा क्या है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार ने इन मुद्दों के समाधान के लिए एक स्थायी राजनयिक माध्यम शुरू किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री

(श्री परशोत्तम रूपाला)

(क) और (ख): विदेश मंत्रालय के पास उपलब्ध जानकारी के अनुसार, 266 भारतीय मछुआरे विदेशी जेलों में बंद हैं। तमिलनाडु से 41 मछुआरे श्रीलंका गए, 184 मछुआरे गुजरात से पाकिस्तान गए, 10 मछुआरे बहरीन गए और 31 मछुआरे सऊदी अरब गए । उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, गुजरात राज्य की 1172 फिशिंग बोट्स और तमिलनाडु राज्य की 87 फिशिंग बोट्स क्रमशः पाकिस्तान और श्रीलंका के कब्जे में हैं।

(ग) और (घ): सरकार भारतीय मछुआरों के बचाव, सुरक्षा और कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। जैसे ही भारतीय मछुआरों और उनकी मछली पकड़ने वाली नौकाओं के पकड़े जाने के मामले सामने आते हैं, भारतीय मिशनों और पोस्टों द्वारा कांसुलर एक्सेस प्राप्त करने, उनका कल्याण सुनिश्चित करने और उनकी नौकाओं सहित उनकी शीघ्र रिहाई और प्रत्यावर्तन के लिए तत्काल कदम उठाए जाते हैं । मिशनों/केंद्रों के कांसुलर अधिकारी स्थानीय जेलों और हिरासत केंद्रों का नियमित दौरा करते हैं ताकि वहां बंद भारतीय मछुआरों की स्थिति का पता लगाया जा सके और इंडियन कम्यूनिटी वेल्फेयर फ़ंड के माध्यम से कानूनी सहायता सहित आवश्यक सहायता और समर्थन प्रदान किया जा सके । सरकार के प्रयासों का ध्यान मछुआरों की शीघ्र रिहाई सुनिश्चित करने पर है ।

मत्स्यन समुदाय के लिए विभिन्न सामुदायिक संपर्क कार्यक्रमों के माध्यम से भारतीय मछुआरों को कथित अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा / इंटरनेशनल मेरिटाईम बाउंडरी लाईन (आईएमबीएल) को पार न करने के लिए मार्गदर्शन देने के लिए भारतीय तट रक्षक द्वारा नियमित रूप से कदम उठाए जाते हैं । भारतीय तटरक्षक जहाज और विमान कथित आईएमबीएल के पास कड़ी निगरानी रखते हैं और आवश्यकता पड़ने पर इंडियन फिशिंग बोट्स को भारतीय जलक्षेत्र की ओर ले जाते हैं ताकि पड़ोसी देशों की समुद्री सुरक्षा एजेंसियों द्वारा पकड़ने से बचाव हो सके । इस मुद्दे के मानवीय और आजीविका संबंधी आयामों को देखते हुए, सरकार फिशिंग बोट्स सहित भारतीय मछुआरों की शीघ्र रिहाई और स्वदेश वापसी के लिए लगातार लगी हुई है और भारतीय मछुआरों के बचाव और सुरक्षा के लिए भारत और संबंधित देशों के बीच आपसी समझ और सहयोग सुनिश्चित करने के लिए द्विपक्षीय तंत्र स्थापित किए गए हैं ।

*****